स्टूडेंट्स ने समझीं फाइनैंस की बारीकियां

ठाकुर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ऐंड रिसर्च के 'फाइनैंशल कॉन्क्लेव' में हुए पैनल डिस्कशन

■ एनबीटी, मुंबई : ठाकुर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज ऐंड रिसर्च द्वारा पिछले दिनों 'फाइनैंशल कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया। इस मौके पर फाइनैंस की दुनिया से जुड़ी तमाम हस्तियां इस कॉन्क्लेव का हिस्सा बनीं। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान इस कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि थे। इसके अलावा सेनेका कॉलेज, कनाडा के एडमिन और फाइनैंस वाइस प्रेसिडेंट नेवजात गर्मन कार्यक्रम में बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर उपस्थित थे। अतिथियों ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों से फाइनैंस जगत की समस्याओं और उसके समाधान को लेकर बातचीत की और अपने विचार साझा किए।

NBT मीडिया पार्टनर

कार्यक्रम में दो पैनल डिस्कशन किए गए। जहां पहले पैनल डिस्कशन में फाइनैंस इंडस्ट्री में हो रही समस्याओं, कैपिटल मार्केट, फाइनैंशल मार्केट को दशा और दिशा से लेकर डिजिटल ट्रान्सफर्मेशन तक पर बातचीत की गई। दूसरे पैनल डिस्कशन में क्रिप्टो करेंसी, ब्लॉकचेन टेक्नॉलजी और इन्फर्मेशन सिक्युरिटी पर बातचीत की गई। कॉन्क्लेव में अन्य 15 कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और पैनल डिस्कशन का हिस्सा बने।

Scanned with CamScanner